का सही रूप से चलाने के लिए अभी करोड़ों रुपये और खर्च किए जाने की संभावना है ;

(घ) क्या निर्माणाधीन कोल हैंडलिंग प्लांटों के 1985 में पूरा हो जाने की आशा थी ; और

(ङ) क्या निर्माण कार्य को पूरा करने में विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई की गयी थी ?

ऊर्जा मंत्रालय में कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री सी०के०जाफर शरीफ) : (क) से (घ) भारत कोकिंग कोल लि० में 13 कोयला रख-रखाव संयंत्रों में से 12 कोयला रख-रखाव संयंत्र को पहले ही चालू कर दिया गया है । अगस्त, 1986 में आरंभ किए गए एक कोयला रख-रखाव संयंत्र की अगस्त, 1989 में चालू हो जाने की संभावना है । कुछ कोयला रख-रखाव संयंत्रों को चालू करने में विलंब हुआ तथा उनकी लागत में वृद्धि हुई और उनमें यह विलंब एक वर्ष से लेकर 6 वर्ष तथा 9 महीने तक की अवधि का विभिन्न कारणों, जैसे भूमि अधिग्रहण से सम्बद्ध समस्याएं आने, कार्य के स्वरूप में परिवर्तन होने और सीमेंट तथा इस्पात की अनुपलब्धता से हुआ। इस संबंध में सुधारात्मक उपाय किए गए हैं ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

कोयले के परिवहन के लिये फर्जी ठेका

60. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बी० सी० सी० एल० के अध्यक्ष सह प्रबंधनिदेशक के निर्देशों पर के० ओ० सी० पी० से बारागढ़ तथा बारागढ़ साइडिंग पर कोयले के परिवहन के बड़े ठेके 1986-87 की दरों की तुलना में बहुत अधिक दरों पर एक फर्जी कंपनी "विनोद ट्रांसपोर्ट" को, जो कतरास मोड़, झरिया पर स्थित हैं, दिये गये हैं । और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस फर्जी कंपनी के ठेके को कब तक रद्द कर देगी ?

ऊर्जा मंत्रालय में कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख) के० ओ० पी० सी० से बुरागढ़ साइडिंग तक कोयले का परिवहन किए जाने संबंधी संविदा कार्य एक भागीदारी फर्म मैसर्स विनोद ट्रांसपोर्ट को दिनांक 20-6-1986 से एक वर्ष की अवधि के लिए 32.92 रु० प्रति टन की दर पर किस्तों के आधार पर दिया गया था । इस संविदा कार्य में निम्नलिखित शामिल था—कोयले का परिवहन कोयले का लदान तथा पुनः लदान और संविदाकर्त्ता के कामगारों तथा उपकरणों द्वारा कोयले का रेलवे वैगनों में समतलन कार्य । इसके अलावा संविदाकर्त्ता की जिम्मेदारी, कोयले में व्यर्थ की सामग्री को निकालने, कोयले को आवारिकृत करने, भण्डारों की सुरक्षा करने तथा रेलवे वैगनों में विलंब के कारण रेलवे को नुकसान की अदायगी करने से संबंधित कार्यों तक की थी । संविदा के समय 4 अन्य संविदाकर्त्ताओं ने भी उक्त विनोद ट्रांसपोर्ट के साथ संविदा किए थे और इनमें सब से न्यूनतम दर विनोद ट्रांसपोर्ट द्वारा ही दी गई थी । अतः यह कार्य इन्हें ही आबंटित कर दिया गया । बाद में इसी संविदाकर्त्ता की संविदा की अवधि को उन्हीं शर्तों के आधार पर 31-3-1988 की अवधि तक बढ़ा दिया गया । चूंकि विनोद ट्रांसपोर्ट की संविदा की अवधि मार्च, 1988 को समाप्त हो गई है और अब यह कार्य अगस्त, 1988 से छोटा नागपुर मोटर परिवहन सहयोग समिति को आबंटित कर दिया गया है । वर्ष 1985-86 के दौरान इस क्षेत्र में कोयले के परिवहन का कार्य 25.13 रु० प्रति टन की दर पर दिया गया था।

किंतु संविदा में कोयले में से व्यर्थ की सामग्री को निकालने कोयले को आकारीकृत करने भंडारों की सुरक्षा करने, तथा रेलवे आदि को नुकसान की अदायगी किया जाना शामिल नहीं था ।

Electricity in Maharashtra villages

61. DR. BAPU KALDATE : Will the Minister of ENERGY be pleased to state;

(a) what is the number of villages in the Maharashtra which have been provided with electricity-district wise as .on 31st January, 1989;

(b) what is the number of villages in Ahmednagar district which have not been provided with electricity so far; and

(c) what are the plans to provide electricity in all the villages m Maharashtra during the next two years, 1989-1990?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF POWER IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI KALPNATH RAI): (a) A Statement indicating the district-wise number of villages electrified in Maharashtra as on 31-1-1989 is enclosed (See below).

(b) and (c) According to the information furnished by Maharashtra State Electricity Board, 100% villages as per 1981 census have been electrified by 31-3-1989.

Statement

District-wise Number of Villages Electrified in Mahprashim on 31-1-1989

Sl.No	Districts	Villages electrified as on 31-1-1989
1	Greater Bombay	
2	Thane	1731
3	Raigad	110
4	Ratnagiri	2067
	Sindhudurg	
5	Nasik	1704
6	Dule	1435
7	Jalgoan	1472
8	Ahamdnager	1484
9	Pune	1659
10	Satara	1396
11	sangali	685
12	Solapur	1091
13	kolapur	1122
14	Aurangabad	2051
	Jaina	